गोरखपुर से प्रकाशित

RNI Reg. NO. UPBIL/2023/87841

Si न्यूज़

साप्ताहिक

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

Web:www.sinews.in/E-mail: info@sinews.in

सिर्फ सच के साथ...

वर्ष : 02 अंक: 50 | गोरखपुर रविवार 25 मई 2025 | मूल्य- 02 रूपया | पृष्ठ - 8

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में सुनी पीएम के 'मन की बात'

# कहा- प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में निरंतर सशक्त हो रहा 'खेलो इंडिया' का विजन



**एजेंसी**

नई दिल्ली/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल ही में बिहार में संपन्न हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों, बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पीएम ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे हनी उद्यमियों की भी प्रशंसा की। वहीं नई दिल्ली में एनडीए मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम के इस कार्यक्रम को सुना। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहद उत्पादन में प्रदेश की प्रगति को 'मधुमय अभियान' बताते हुए इसे भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जाने वाला बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर खेलो इंडिया के तीनों रिकॉर्ड ब्रेकर खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया और कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'खेलो इंडिया' का विजन निरंतर सशक्त हो रहा है। उन्होंने तुषार चौधरी, कादिर खान और शेख जीशान के शानदार प्रदर्शन को उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्पशक्ति का परिणाम बताया। सीएम ने प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश में शहद उत्पादन के क्षेत्र में हो रही प्रगति की चर्चा पर भी अपने पोस्ट में इसे 'मधुमय अभियान' बताया। सीएम ने कहा कि 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन' और 'शहद मिशन' जैसी योजनाओं के समर्थन से शहद उत्पादन में लगभग 60% की वृद्धि हुई है, जिससे भारत शहद उत्पादन और निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। यह अभियान सेहत, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के जिन खिलाड़ियों की प्रशंसा की है उनमें बरेली के कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान खींचा है। बरेली के एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कादिर की इस उपलब्धि ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। वहीं, वाराणसी के शेख जीशान ने ट्रिपल जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता है।

### पारिवारिक मूल्यों के उल्लंघन पर सख्त लालू प्रसाद यादव

# बेटे तेज प्रताप को राजद से 6 साल के लिए निकाला

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संरक्षक लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाले फैसले में अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। लालू ने इस कठोर निर्णय के पीछे तेज प्रताप के गैर-जिम्मेदाराना आचरण और पारिवारिक मूल्यों तथा सार्वजनिक शिष्टाचार से विचलन को मुख्य कारण बताया। यह निष्कासन ऐसे समय में आया है जब हाल ही में तेज प्रताप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अनुष्का यादव नामक लड़की के साथ 12 साल के रिश्ते में होने का दावा किया था। हालांकि, उस पोस्ट को तुरंत हटा दिया गया और बाद में तेज प्रताप ने एक अन्य पोस्ट में यह दावा किया कि उनका अकाउंट हैक हो गया था।



इस घटनाक्रम ने पार्टी और परिवार दोनों के भीतर हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में इस कदम की घोषणा करते हुए, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है।

### न्यूयॉर्क में भारत की आवाज बुलंद करते हुए शशि थरूर ने कहा...

# आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि नई दिल्ली युद्ध में दिलचस्पी नहीं रखती है, जबकि पाकिस्तान अपने रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सीमा पार आतंकवाद का सहारा लेता है। थरूर एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जो पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख सामने रखने के लिए काम कर रहा है। यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास में मीडिया को संबोधित करते हुए थरूर ने कहा, 'हमें पाकिस्तान के साथ युद्ध में कोई दिलचस्पी नहीं है। हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और अपने लोगों को 21वीं सदी की दुनिया में लाने के लिए अकेले रहना पसंद करेंगे। लेकिन, दुख की बात है कि हम पाकिस्तानियों के लिए यथास्थितिवादी ताकत हो सकते हैं, लेकिन वे नहीं हैं। वे भारत द्वारा नियंत्रित क्षेत्र को चाहते हैं और वे इसे किसी भी कीमत पर हासिल करना चाहते हैं।




## माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा : मोदी



**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई के परिणाम सामने आ रहे हैं और इससे प्रभावित रह चुके क्षेत्रों में विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। मोदी ने अपने मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम में कहा कि पहले माओवादी हिंसा की चपेट में रहे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में काटेझरी जैसे दूरदराज के गांवों में अब बस सेवा और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं संभव हो गई हैं।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के काटेझरी गांव का जिक्र करते हुए कहा, बस से यात्रा करना आम बात है लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार बस आई। वहां के लोग इस दिन का वर्षों से इंतजार कर रहे थे और जब पहली बार गांव में बस आई, तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा क्षेत्रों में विज्ञान प्रयोगशालाओं जैसी शैक्षणिक सुविधाओं के प्रसार का भी उदाहरण दिया।

## पहलगाम आतंकी हमले पर भाजपा सांसद जांगड़ा का बयान दुर्भाग्यपूर्ण: इमरान प्रतापगढ़ी

**एजेंसी**

नागपुर। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने भाजपा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें भाजपा सांसद ने पहलगाम पीड़ितों को लेकर कहा था कि महिलाओं-बेटियों में वीरांगनाओं सा जज्बा नहीं था। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने भाजपा सांसद के इस बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कांग्रेस सांसद ने रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, " यह बयान बहुत ही शर्मनाक है। भाजपा के नेताओं में होड़ लगी है कि कौन कितना अपमानित करेगा। पहलगाम में जो लोग आतंकी हमले में मारे गए, भाजपा के नेता लगातार उन्हें अपमानित कर रहे हैं। पहले मध्य प्रदेश के मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं। हाईकोर्ट ने उनके बयान पर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई तो एफआईआर हुई। लेकिन मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि अब तक उन्हें मंत्रिमंडल से निष्कासित क्यों नहीं किया गया है पहलगाम में हमारी बहनों-माताओं ने अपना सिंदूर खोया है और भाजपा के नेता लगातार अपमानजनक बातें कर रहे हैं। मुझे तो लगता है प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहिए कि उनके नेता यह कौन सी भाषा बोल रहे हैं भाजपा सांसद ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि पहलगाम में अपना सिंदूर खोने वाली महिलाओं-बेटियों में वीरांगनाओं सा जज्बा नहीं था।



## पाक से संबंध के आरोपों के समर्थन में सबूत न दे पाना मुख्यमंत्री शर्मा की कमजोरी: गोगोई

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने शनिवार को दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का इन आरोपों के समर्थन में सबूत पेश करने में नाकाम रहना उनकी कमजोरी है कि उनके (गोगोई) पाकिस्तान के साथ संबंध हैं। गोगोई ने पड़ोसी देश की कथित यात्राओं पर किसी प्रकार का स्पष्टीकरण जारी करने से बचते हुए कहा कि लोगों को धैर्य रखना चाहिए, क्योंकि मुक्केबाजी के मुकाबले में नॉकआउट पंच अंत में दिया जाता है। गोगोई ने अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जोरहाट के माजुली इलाके में संवाददाताओं से कहा, यह (राजनीति में) कोई नयी बात नहीं है, जब भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ ने मेरे खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, लेकिन जब किसी राज्य का मुख्यमंत्री कुछ कहता है, तो हम उसके सबूत देने का इंतजार करते हैं। आईटी प्रकोष्ठ के पोस्ट और मुख्यमंत्री की टिप्पणियों में कुछ अंतर होना चाहिए। मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई पर आरोप लगाते रहे हैं कि उनके और उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध हैं।

# सम्पादकीय...

## नशे के अपराध का अंधेरा

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ–साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े–बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र पंजाब और अन्य राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आान किया गया है, देश के बड़े–बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती।

## राशिफल

मेषः– आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

बृषभ :– स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

मिथुनः– किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें।

कर्क :– कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी।

भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा–प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्य का ध्यान रखें।

सिंह :– किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

कन्या :– समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी–छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा–प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

तुला :– मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

वृश्चिक :– सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

धनु :– नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय–व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

मकर :– कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा–प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

# तमिलनाडु में बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन

**डॉ. ज्ञान पाठक**

तमिलनाडु के बच्चे केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और राज्य में सीएम एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली इंडिया ब्लॉक सरकार के बीच राजनीतिक टकराव में फंस गये हैं। केंद्र नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत तीन–भाषा फॉमूर्ले को लागू करने पर जोर दे रहा है, और राज्य इसे लागू करने से इंकार कर रहा है। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गयी है जिसमें शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत बच्चों के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 9 मई, 2025 को कहा था कि न्यायालय किसी भी राज्य को एनईपी अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। फिर भी, तीन–भाषा फामूर्ले के कार्यान्वयन को लागू करने के लिए, केंद्र ने धन जारी करने पर रोक लगा दी है, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश में देरी हो रही है। अब, तमिलनाडु ने 2,151 करोड़ रुपये के शिक्षा कोष को रोक रखने के मामले में केंद्र के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है। तमिलनाडु ने केंद्र सरकार पर एनईपी 2020 और पीएम श्री स्कूल योजना से केन्द्रीय आवंटन जारी करने को जोड़कर संघीय अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। राज्य द्वारा दायर मुकदमे में कहा गया है, इस तरह की जबरदस्ती की रणनीति न तो कानूनी रूप से स्वीकार्य है और न ही राज्य के कानून के अनुरूप है, खासकर राज्य द्वारा अपनाये गये दो–भाषा फामूर्ले के आलोक में। तमिलनाडु ने 2024–25 के लिए समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) के तहत शिक्षा कोष में 2151 करोड़ रुपये जारी करने की मांग की है, और साथ में मूल राशि पर 6 प्रतिशत ब्याज की भी। इस प्रकार मुकदमे का कुल दावा 2291.3 करोड़ रुपये है। तमिलनाडु ने अपनी याचिका में कहा है कि एसएसएस के तहत केंद्र द्वारा अपने अनिवार्य हिस्से को रोके रखने से बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई अधिनियम) का कार्यान्वयन बाधित हुआ है और राज्य में 43.94 लाख से अधिक छात्रों, 2.21 लाख शिक्षकों और 32,701 स्कूल कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित हुए हैं। तमिलनाडु का कहना है कि भारत संघ के शिक्षा मंत्रालय के परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) ने फरवरी 2024 की बैठक में एसएसएस के तहत राज्य के लिए 3,585.99 करोड़ रुपये मंजूर किये थे, जिसमें से 2,151.59 करोड़ रुपये 60.40 लागत–साझाकरण फॉमूर्ले के आधार पर केंद्र का हिस्सा था। फिर भी, केंद्र ने एक भी किस्त जारी नहीं की है। राज्य ने आरोप लगाया कि केंद्र ने ऐसा राज्य द्वारा एनईपी 2020 को पूरी तरह से अपनाने और पीएम श्री स्कूल योजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से इंकार करने के कारण किया है। तमिलनाडु में दो भाषा नीति है– तमिल और अंग्रेजी। 1968 से ही यह लगातार हिंदी थोपने का विरोध करता रहा है, जब राज्य की विधानसभा में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इतना ही नहीं, तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट 2006 में कक्षा 1 से 10 तक तमिल की शिक्षा अनिवार्य है। तमिलनाडु यूनिफॉर्म सिस्टम ऑफ स्कूल एजुकेशन एक्ट 2010 नामक एक और अधिनियम है। फिर भी, केंद्र द्वारा एनईपी–2020 को लागू करने के लिए इन कानूनों को कमजोर किया जा रहा है, जो केवल एक नीति और विजन स्टेटमेंट है... जिसमें राज्य पर बाध्यकारी कोई कार्यकारी या विधायी बल नहीं है। तमिलनाडु द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों



को समग्र शिक्षा योजना के तहत धन जारी किया है। 9 मई, 2025 को ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एनईपी 2020 को लागू करने के लिए तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल सरकारों को निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया था, यह कहते हुए कि अदालत किसी भी राज्य को इसे अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश आर महादेवन की पीठ ने कहा कि, वे तभी हस्तक्षेप करेंगे जब एनईपी 2020 से संबंधित किसी राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हो। जनहित याचिका तमिलनाडु के एक वकील और भाजपा नेता ने दायर की थी। कुछ दिन पहले ही 16 मई को तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार से एसएसएस के तहत 2151.59 करोड़ रुपये की लंबित बकाया राशि जारी करने का आग्रह किया था, जिसमें आरटीई प्रवेश के लिए 617 करोड़ रुपये भी शामिल थे। राज्य में भाजपा की सहयोगी एआईएडीएम के पिछले दो वर्षों से निजी स्कूलों को आरटीइ प्रतिपूर्ति निधि में देरी करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना कर रही है, जिसके कारण इस शैक्षणिक वर्ष में आरटीई प्रवेश में देरी हुई है। राज्य सरकार ने परियोजना अनुमोदन बोर्ड की बैठक के दौरान 2025–26 के लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भी सौंपा है, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र द्वारा 2,733.58 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गयी, जिसमें केंद्र का हिस्सा 2151.59 करोड़ रुपये होगा।

# कुछ खास...

## भारतीय राष्ट्रवाद को नई आँखों से देखिए!

प्रो. संजय द्विवेदी

देश में इन दिनों राष्ट्रवाद चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीय राष्ट्रवाद पर एक नई दृष्टि से सोचें



और जानें कि आखिर भारतीय भावबोध का राष्ट्रवाद क्या है राष्ट्र सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि भूगोल–संस्कृति–लोग के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है जाहिर तौर पर वह लोग ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम–सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम् कहकर संबोधित किया। यह वसुधैव कुटुम्बकम् राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतीय राष्ट्रवाद को समझना है। यह राष्ट्रवाद मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है और हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानववादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित है। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक–प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चोतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे– किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव कराता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रवाद दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित था। वह राष्ट्रवाद इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। राजा सिर्फ राज्य बनाते हैं, ऋषि अपने सांस्कृतिक अवदान से राष्ट्र बनाते हैं। आप देखें तो बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार, नवचेतन था जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढकर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है, सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है।

# पति विराट संग सादगी भरे अंदाज राम नगरी अयोध्या पहुंची अनुष्का शर्मा, हनुमान गढ़ी में टेका माथा



एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा इन दिनों ग्लैमर की तरफ से अपना ध्यान हटा अध्यात्म की ओर बढ़ रही है। उन्हें अक्सर पति के साथ धार्मिक स्थानों और सतसंगों में शामिल होते देखा जाता है। कुछ दिन पहले जहां अनुष्का पति संग वृंदावन धाम पहुंची थी, वहीं, अब यह कपल राम नगरी अयोध्या पहुंच गया है, जहां वे हनुमान मंदिर के दर्शन करते नजर आए हैं। अनुष्का शर्मा रविवार की सुबह क्रिकेटर पति विराट कोहली संग अयोध्या स्थितः हनुमान गढ़ी के दर्शन करने पहुंचीं, जहां से उनकी तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि अनुष्का बेहद सादगी भरे अंदाज में पति के साथ हनुमान गढ़ी के दर्शन करने पहुंची और वहां भगवान के दर्शन कर कपल बेहद खुश नजर आया। उनके चेहरे पर अलग ही सुकून और होठों पर खुली मुस्कान देखने को मिली।इस दौरान अनुष्का शर्मा पिंक और व्हाइट कुर्ती में सिंपल पर खूबसूरत दिखीं। वहीं विराट कोहली भी एक सिंपल व्हाइट शर्ट में नजर आए। दर्शन करने के बाद कपल ने वहां के महंत से भी मुलाकात की। जैसे ही वहां के लोगों को विरुष्का के आने का पता चला तो भीड़ मंदिर के बाहर उनके चाहने वालों की भीड़ जमा हो गई, ऐसे में भारी सिक्युरिटी के साथ स्टार कपल को अंदर ले जाया गया। अनुष्का शर्मा की बात करें तो वह इन दिनों लंदन में रहकर अपने बच्चों को पाल रही है और अध्यात्म की ओर बढ़ रही हैं। एक्ट्रेस ने बेटी वामिका के जन्म के बाद से ही काम से ब्रेक लेने का फैसला कर लिया था। उसके बाद जब उन्हें दूसरी संतान बेटा हुई तब वह लंदन में शिफ्ट हो गई। हालांकि, अब वह जल्द ही फिल्म चकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी।

# मां बनने वाली हैं कभी खुशी कभी गम की छोटी पू

### पति की पीठ पर लदी मालविका ने हाथ में प्रेग्नेंसी किट लिए शेयर की गुड न्यूज



फिल्म कभी खुशी कभी गम में बचपन की छोटी पू का किरदार निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस मालविका राज ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज दी है। मालविका जल्द ही मां बनने वाली हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक प्यारा सा पोस्ट करते हुए इस बात का ऐलान किया है, जिसके बाद उन्हें लगातार चाहने वालों की बधाइयां मिल रही हैं। मालविका राज ने इंस्टाग्राम पर पति संग पॉजिटिव प्रेग्नेंसी टेस्ट की तस्वीरें शेयर कर प्रेग्नेंसी का खुलासा किया है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मालविका ने लिखा–तुम और मैं= 3 यानी ये कपल अब दो से तीन होने वाला है। तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति प्रणव बग्गा की पीठ पर लदी हुई नजर आ रही हैं और हाथ में अपने प्रेग्नेंसी टेस्ट किट दिखा रही हैं। इस दौरान कपल बेहद खुश नजर आ रहा है। वहीं, एक तस्वीर में प्रणव अपनी पत्नी को कहीं खूबसूरत जगह पर हाथ थाम ले जाते नजर आ रहे हैं। दोनों ने अपने सिर पर मॉम और डैड वाली कैप पहनी हैं, जिससे यह पता चल रहा है दोनों मम्मी–पापा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस दौरान कपल का बेहद कूल लुक नजर आ रहा है। दोनों व्हाइट शर्ट पहने ट्विनिंग करते दिखाई दे रहे हैं। उनका यह पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस से लेकर सेलेब्स तक, सभी उन्हें खूब बधाइयां दे रहे हैं। गौरतलब है कि मालविका राज ने नवंबर 2023 में अपने लॉन्ग टाइम कॉलेज फ्रेंड प्रणव बग्गा के साथ शादी रचाई थी। कपल ने गोवा में एक डेस्टिनेशन वेडिंग की थी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। बचपन में करीना कपूर के किरदार पू की भूमिका निभाकर चर्चित हुईं मालविका राज को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। उनकी मासूमियत और स्क्रीन प्रेजेंस ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई। अब बड़ी होकर वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और अपने निजी पलों को अपने चाहने वालों के साथ शेयर करती रहती हैं।

# टीवी डेब्यू करेंगी निशा मधुलिका, अब खाने से जुड़ेंगी कहानियां

स्टार प्लस तो हमेशा से ही हमारे घरों का हिस्सा रहा है, वो कहानियाँ दिखाकर जिनसे हर उम्र के लोग खुद को जोड़ पाते हैं, चाहे इमोशनल ड्रामा हो या जिंदगी से जुड़ी कोई प्रेरक कहानी। अब चैनल अपनी इस जबरदस्त लाइनअप में एक नया तड़का लगाने जा रहा है। फेमस यूट्यूबर और घर की रसोई में कमाल दिखाने वाली निशा मधुलिका अब टीवी पर कदम रखने जा रही हैं और वो भी स्टार प्लस के साथ! अपने सीधे-साधे तरीके से खाना बनाना सिखाने वाली निशा जी ने यूट्यूब पर 1.2 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स का दिल जीता है। उनकी



वेजिटेरियन रेसिपीज और अपनापन आज लाखों घरेलू रसोइयों और फूड लवर्स की पहली पसंद बन चुके हैं। अब यही स्वाद और सादगी वो लेकर आ रही हैं छोटे परदे पर, ‘जंत च्सने के प्यारे किरदारों और शोज के बीच। मतलब अब हर दिन होगा खास, जब निशा जी की रसोई से निकलेगी खुशबू स्टार पटना के दिलचस्प कहानियों के साथ। स्टार प्लस का नया प्रोमो लोगों को एक मीठी सी झलक देता है आने वाले मजेदार सफर की। प्रोमो में निशा मधुलिका रसोई में नजर आती हैं, खाना बनाते हुए वो सिर्फ रेसिपी नहीं, बल्कि अपनापन, यादें और जिंदगी के छोटे-छोटे सबक भी परोसती हैं, वो भी अपने खास अंदाज में। उनकी मौजूदगी स्टार प्लस की दुनिया में एकदम फिट बैठती है। वो चैनल के पॉपुलर किरदारों के साथ मिलकर न सिर्फ पकाएंगी, बल्कि दर्शकों को इमोशन, ड्रामा और खाने का तड़का एक साथ देखने को मिलेगा। डिजिटल दुनिया की इस चहेती शेफ का टेलीविजन से ये मिलन एक ताजा और दिलचस्प शुरूआत साबित होने वाला है।

# यूरिक एसिड बढ़ने का कारण हो सकती हैं आपकी ये आम गलतियां, तुरंत कर लीजिए इनमें सुधार



यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

यूरिक एसिड का स्तर बढ़ना आजकल एक आम समस्या बन चुकी है। अगर इसे समय रहते नियंत्रित न की जाए, तो इसके कारण गठिया, किडनी स्टोन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खान-पान में गड़बड़ी के कारण यूरिक एसिड की दिक्कत बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान हो जाना चाहिए। यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। रेड मीट, सीफूड, अल्कोहल और मीठे पेय से दूरी बनाकर, स्वस्थ और पौष्टिक खानपान की आदत बना ली जाए तो इस समस्या से बचाव किया जा सकता है।आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

**पहले यूरिक एसिड के बारे में जान लीजिए**

यूरिक एसिड शरीर में पाए जाने वाले प्यूरिन नामक तत्व के ब्रेकडाउन से बनता है। प्यूरिन प्राकृतिक रूप से शरीर की कोशिकाओं में और कुछ खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। जब शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ जाती है, तो ये ठीक से बाहर नहीं निकल पाती है और जमा होने लगती है। समय पर इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो आप मुश्किल में फंस सकते हैं।यूरिक एसिड को कंट्रोल रखने के लिए कुछ चीजों से दूरी बनाना या इनका सेवन कम करना चाहिए।

**रेड मीट और सी फूड नुकसानदायक**

रेड मीट वैसे तो प्रोटीन का अच्छा स्रोत है पर इसका अधिक सेवन कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, रेड मीट का अधिक सेवन करने वालों में यूरिक एसिड और गाउट की आशंका अधिक पाई गई। इसी तरह झींगे, टूना और मैकेरल जैसे समुद्री मछलियों में भी उच्च मात्रा में प्यूरिन पाया जाता है हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की एक अध्ययन ने पाया कि नियमित रूप से सीफूड का सेवन करने से भी यूरिक एसिड का स्तर बढ़ता है।

**शराब के कई सारे नुकसान**


शराब को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है, इससे यूरिक एसिड बढ़ने का भी खतरा रहता है। शोधकताओं ने पाया कि जो लोग अक्सर अल्कोहल, विशेषकर बीयर पीते हैं, उनमें गाउट का खतरा लगभग दोगुना अधिक होता है। शराब से दूरी बनाना कई प्रकार के कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों से बचाव के लिए भी जरूरी है।

**ये चीजें भी हानिकारक**

कोल्ड ड्रिंक, सोडा जैसे ड्रिंक्स भी शरीर में प्यूरिन के निर्माण को तेज कर सकते हैं। जामा जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि फ्रुक्टोज का अधिक सेवन यूरिक एसिड के स्तर को तेजी से बढ़ाता है। ज्यादा प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड जैसे चिप्स-बिस्कुट, इंस्टेंट नूडल्स में ट्रांस फैट्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करते हैं और यूरिक एसिड बढ़ा सकते हैं। मोटापा और शारीरिक गतिविधियों की कमी से शरीर से यूरिक एसिड का उत्सर्जन कम हो जाता है।


मूत्र के जरिए अतिरिक्त यूरिक एसिड बाहर निकालने के लिए रोजाना 8झ10 गिलास पानी जरूर पिएं। इसके अलावा हरी सब्जियां, साबुत अनाज, दूध और दही जैसे खाद्य-पेय पदार्थों का सेवन करें।

## प्रोस्टेट कैंसर के अलावा पुरुषों में इन कैंसर का भी खतरा होता है अधिक, क्या आपको है जानकारी?



फिल्म कभी खुशी कभी गम में बचपन की छोटी पू का किरदार निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस मालविका राज ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज दी है। मालविका जल्द ही मां बनने वाली हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक प्यारा सा पोस्ट करते हुए इस बात का ऐलान किया है, जिसके बाद उन्हें लगातार चाहने वालों की बधाइयां मिल रही हैं। मालविका राज ने इंस्टाग्राम पर पति संग पॉजिटिव प्रेग्नेंसी टेस्ट की तस्वीरें शेयर कर प्रेग्नेंसी का खुलासा किया है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मालविका ने लिखा-तुम और मैं= 3 यानी ये कपल अब दो से तीन होने वाला है। तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति प्रणव बग्गा की पीठ पर लदी हुई नजर आ रही हैं और हाथ में अपने प्रेग्नेंसी टेस्ट किट दिखा रही हैं। इस दौरान कपल बेहद खुश नजर आ रहा है। वहीं, एक तस्वीर में प्रणव अपनी पत्नी को कहीं खूबसूरत जगह पर हाथ थाम ले जाते नजर आ रहे हैं।

## थोड़ा चलने से फूलने लगती है सांस? आपको इन योगासनों के अभ्यास की है जरूरत



अगर आप इन योगासनों का नियमित अभ्यास करेंगे तो कुछ ही हफ्तों में आपकी सांस फूलने की समस्या में सुधार देखने को मिलेगा और फेफड़े पहले से ज्यादा मजबूत होंगे। ड्ढँ ळ्ङ्ग क्लूर्शृरी कुछ कदमों पैदल टहलने पर आपकी सांस फूलने लगती है? या सीढ़ियां चढ़ते उतरते समय आप हांफने लगते हैं? अगर थोड़ी सी शारीरिक गतिविधि करने पर ही आपकी सांस फूलने लगती है या जल्दी हांफने लगते हैं तो यह फेफड़ों की कमजोरी का संकेत हो सकता है। नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास करके आप अपनी लंग्स कैपेसिटी (फेफड़ों की क्षमता) को बढ़ा सकते हैं और सांस संबंधी दिक्कतों से राहत पा सकते हैं। अगर आप इन योगासनों का नियमित अभ्यास करेंगे तो कुछ ही हफ्तों में आपकी सांस फूलने की समस्या में सुधार देखने को मिलेगा और फेफड़े पहले से ज्यादा मजबूत होंगे।

**अनुलोम-विलोम प्राणायाम**

नुलोम विलोम के अभ्यास से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। सांस फूलने की समस्या कम होती है और शरीर ऑक्सीजन सप्लाई बेहतर होती है। आरामदायक मुद्रा में बैठकर रीढ़ सीधी रखें। फिर दाहिने हाथ के अंगूठे से दाईं नासिका बंद करें और बाईं नासिका से गहरी सांस लें। अब बाईं नासिका बंद करके दाईं नासिका से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। यह प्रक्रिया दूसरी तरफ से भी दोहराएं। रोज इस प्राणायाम को 5-10 मिनट करें।

**कपालभाति प्राणायाम**

कपालभाति के अभ्यास के लिए सीधा बैठें और पेट को ढीला छोड़ें। तेजी से नाक से सांस बाहर निकाले और पेट को अंदर करें। यह प्रक्रिया लगातार 50-100 बार करें। कपालभाति प्राणायाम करने से फेफड़ों की सफाई होती है। सांस से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं। शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। नोटः यह लेख योग विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। आसन की सही स्थिति के बारे में जानने के लिए किसी योगगुरु से संपर्क कर सकते हैं।

### टीम इंडिया में सात साल बाद वापसी पर करुण की पहली प्रतिक्रिया

# बोले- बहुत समय से इस पल का इंतजार था

**एजेंसी**

नई दिल्ली। करुण ने शनिवार को टीम की घोषणा की। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। वहीं, इस



आईपीएल में दिल्ली से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ 27 गेंद में 44 रन बनाए। दिल्ली ने जीत के लिए 207 रन का लक्ष्य 19.3 ओवर में हासिल कर लिया। 33 वर्षीय करुण ने 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और इसका इनाम उन्हें भारतीय टीम में चयन के रूप में मिला।इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। अगले महीने 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने 18 सदस्यीय टीम में करुण नायर की भी वापसी हुई है। करुण सात साल बाद भारतीय टीम में चुने गए हैं। अगर वह मैदान पर उतरते हैं तो आठ साल बाद भारत के लिए कोई टेस्ट खेलते दिखेंगे। टीम में चुने जाने के बाद करुण की पहली प्रतिक्रिया भी सामने आई है। करुण ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था।करुण ने शनिवार को आईपीएल में दिल्ली से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ 27 गेंद में 44 रन बनाए। दिल्ली ने जीत के लिए 207 रन का लक्ष्य 19.3 ओवर में हासिल कर लिया। 33 वर्षीय करुण ने 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और इसका इनाम उन्हें भारतीय टीम में चयन के रूप में मिला। उन्होंने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। 2018 में इंग्लैंड सीरीज के लिए वह स्क्वॉड में तो थे, लेकिन एक भी मैच नहीं खेल पाए थे।करुण ने पंजाब के खिलाफ मैच के बाद कहा, 'शानदार लग रहा है और हम इस जीत के हकदार थे। हम इस सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन इस मैच में हमने दिखा दिया कि हमारी टीम अच्छी थी लेकिन कुछ मैच खराब गए।' अपने प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा, 'मैं काफी रन बनाकर आईपीएल में आया था। आत्मविश्वास की कमी नहीं थी।

पारी में बहुत जल्दी बड़े शॉट खेल रहा था जिस पर कोच ने अपना समय लेकर फिर आक्रामक खेलने की सलाह दी।'करुण को 2017 में टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर कर दिया गया था। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज है। टेस्ट टीम में चयन के बारे में उन्होंने कहा, 'बहुत शुक्रगुजार हूं कि वापसी कर सका। खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला। मुझे भी आप लोगों की ही तरह पता चला। मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। बहुत सारे बधाई के संदेश मिले हैं।'उनके शानदार प्रदर्शन ने विदर्भ को 2024-25 सत्र में रणजी ट्रॉफी जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नौ मैचों में चार शतक की मदद से 863 रन बनाए। विजय हजारे ट्रॉफी (लिस्ट ए) में उन्होंने केवल आठ पारियों में 779 रन बनाये। इसमें पांच शतक शामिल थे। इन शानदार प्रदर्शनों ने भारतीय टीम में उनकी वापसी का रास्ता खोला।करुण की वापसी क्रिकेट में सबसे जबरदस्त वापसी में से एक है। भारत के लिए छह टेस्ट मैचों में उन्होंने 62.33 की औसत से 374 रन बनाए थे। इसमें एक तिहरा शतक शामिल है। इस दौरान सात पारियों में उनका स्कोर- 4, 13, 303*, 26, 0, 23 और 5 रन का रहा है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में करुण ने 49.16 की शानदार औसत से 8211 रन बनाए हैं। इनमें 23 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं। तिहरे शतक के बावजूद उन्हें दरकिनार कर दिया गया इसके अलावा वह दो वनडे भी खेल चुके हैं।

## दो हाफ तक बिना गोल बराबरी पर रहा स्कोर

# पेनल्टी शूटआउट में सोनभद्र ने 4-1 से जीता मैच

**एजेंसी**

नई दिल्ली। वाराणसी के कई स्थानों



पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान में हॉकी प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही अन्य खेलों में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान के एस्ट्रोटर्फ पर शनिवार सुबह 28वीं पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सोनभद्र और प्रयागराज पीएसी की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ और 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र की टीम के बीच खेला गया। निर्धारित दो हाफ खेलकर दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रहीं। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इसमें सोनभद्र की 48वीं वाहिनी पीएसी की टीम ने 4-1 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच प्रयागराज की 4वीं वाहिनी पीएसी और झांसी की 33वीं वाहिनी पीएसी के बीच हुआ। दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल करने में नाकाम रही। मैच के निर्णय के लिए रेफरी ने पेनल्टी शूटआउट कराया। प्रयागराज ने ने झांसी को 3-1 से हरा दिया। 4वीं वाहिनी पीएसी की ओर से प्रशांत त्रिपाठी, अभिषेक सिंह और शुभम यादव ने गोल जबकि 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी के सतीश ने एक गोल किया। इस प्रतियोगिता में पूर्वी जोन की कुल 10 टीमें टीमें हिस्सा ले रही हैं। हॉकी का समापन 26 मई को होगा। आयोजन सचिव सेनानायक डॉ. अनिल कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर शुभारंभ किया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। सेनानायक ने कहा कि खेलों में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन जरूरी है। खेल में हार जीत एक पक्ष होता है, लेकिन हार से निराश नहीं होना चाहिए। 48वीं वाहिनी सोनभद्र और 20वीं वाहिनी आजमगढ़ में खेले गए मुकाबले में सोनभद्र पीएसी के राम जनम यादव, जगेश यादव, दीपक चौहान, लक्ष्मी शंकर ने एक एक स्ट्रोक लिया और गोल में बदला जबकि 20वीं वाहिनी आजमगढ़ की ओर से एकमात्र गोल अंगद यादव ने किया।काशी विद्यापीठ ब्लॉक के केशरीपुर कंपोजिट विद्यालय में शनिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने बच्चों के साथ क्रिकेट और कैरम खेलकर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बच्चों के लिए कराटे प्रशिक्षण की व्यवस्था करने को कहा।

# 'जातिगत जनगणना विभाजनकारी नहीं'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने जातिगत गणना से समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि एकत्र किए गए आंकड़े नीतिगत निर्णय लेने में आधार के रूप में काम आएंगे। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। आयोग के मुखिया ने कहा कि इससे हाशिए पर पड़े पिछड़े समुदायों के उत्थान में मदद मिलेगी।भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना को शामिल किए जाने का मकवाना ने स्वागत कहा है। उन्होंने कहा कि 2011 से उलट इस बार, "निश्चित आंकड़े उपलब्ध होंगे" जिससे कल्याणकारी योजनाओं तक आनुपातिक पहुंच सुनिश्चित को सकेगी।यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना करवाई थी, जो 1931 के बाद से देश भर में जाति के आंकड़े एकत्र करने की पहली कोशिश थी। हालांकि, 2011 की जनगणना के जातिगत आंकड़े कभी भी पूरी तरह से जारी या उपयोग नहीं किए गए।जातिगत जनगणना से सांप्रदायिक विभाजन पैदा होने की चिंताओं को खारिज करते हुए मकवाना ने कहा, "इससे जाति के आधार पर कोई विभाजन पैदा नहीं होगा। बल्कि, इससे सामाजिक न्याय मजबूत होगा।"उन्होंने कहा, "यह पिछड़ी जातियों का उत्थान करेगा और अनुसूचित जाति समुदाय के लिए बाबासाहेब अंबेडकर के सपने के सभी तीन पहलुओं -सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक- को मजबूत करेगा।"एनसीएससी अध्यक्ष ने कहा कि जाति जनगणना से सटीक आंकड़े मिलेंगे। इससे मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के लाभार्थियों को बेहतर तरीके सुविधाएं दी जा सकेंगी। उन्होंने कहा, "इससे यह सुनिश्चित होगा कि जो लोग वंचित रह गए हैं, उन्हें अंततः उनका हक मिले।"

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति और चीन के पीएम ने की टैरिफ पर चर्चा

# मलयेशिया ने कहा- हम एकजुट हों




**एजेंसी**

नई दिल्ली। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने रविवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की और अमेरिका के वैश्विक व्यापार युद्ध तथा आर्थिक वैश्वीकरण के समक्ष चुनौतियों के दौरान व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। ली दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इंडोनेशिया की तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार दोपहर को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। यह इस साल उनकी पहली विदेश यात्रा का पहला पड़ाव था।इंडोनेशिया और चीन 20 प्रमुख विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं व ब्रिक्स के सदस्य देश हैं। ली रविवार शाम को इंडोनेशिया-चीन व्यापार स्वागत समारोह में अपने संबोधन के लिए 60 प्रमुख चीनी व्यवसायियों को अपने साथ लाए। उन्होंने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि बढ़ती बाहरी चुनौतियों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था ने इस साल तेजी से विकास हासिल किया है।ली ने इस कार्यक्रम में कहा, "वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय स्थिति गतिरोध की स्थिति में है, एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है, धमकाने वाला व्यवहार बढ़ रहा है।" इस कार्यक्रम में सुबियांटो भी मौजूद थे। ली ने कहा कि इस वर्ष गुटनिरपेक्ष आंदोलन की 70वीं वर्षगांठ है, जिसे एशियाई और अफ्रीकी देशों द्वारा इंडोनेशिया के बांडुंग शहर में आयोजित किया गया

### मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारे भारत के श्रीकांत, चीन के विश्व नंबर-4 फेंग ने दी शिकस्त

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत के किदांबी श्रीकांत रविवार को मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500



बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली और वह उपविजेता रहे। उन्हें पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।चोट की वजह से हाल फिलहाल में कई अवसर गंवाने के बाद श्रीकांत ने मलयेशिया मास्टर्स में जबरदस्त वापसी की। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने छह साल में पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वालिफायर से शुरूआत की और खिताबी मुकाबले तक शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का प्रदर्शन अनियमित रहा और वह दूसरे वरीय ली के मजबूत डिफेंस को भेदने में संघर्ष करते रहे। वह मौके भुनाने में भी असफल रहे और आखिरकार 36 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए।हार के बावजूद श्रीकांत का प्रदर्शन प्रेरणादायक रहा। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में दुनिया में 82वें नंबर पर खिसकने के बाद, दुनिया को अपनी क्षमता की याद दिलाने के लिए धैर्य और क्लास दिखाया। श्रीकांत पिछली बार 2019 इंडिया ओपन में इहक्रवर्ल्ड टूर के फाइनल में पहुंचे थे, जहां वे उपविजेता भी रहे थे। वे 2021 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता भी रहे। श्रीकांत 2017 में चार बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन उसके तुरंत बाद उनका संघर्ष शुरू हो गया।

### इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को एकमात्र टेस्ट में पारी और 45 रन से हराया, शोएब बशीर ने लिए नौ विकेट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के छह विकेट पर 565 रन के जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 265 और 255 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड को भारत के खिलाफ 20 जून से पांच टेस्ट की सीरीज खेलनी है।इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को एकमात्र टेस्ट मुकाबले में पारी और 45 रन से हरा दिया। नॉटिंघम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड के घातक गेंदबाज शोएब बशीर ने कुल नौ विकेट चटकाए। जिम्बाब्वे की पहली पारी में उन्होंने तीन बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद दूसरी पारी में छह विकेट हासिल किए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।इंग्लैंड के छह विकेट पर 565 रन के जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 265 और 255 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड को भारत के खिलाफ 20 जून से पांच टेस्ट की सीरीज खेलनी है। वैसे इस हार के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम ने इंग्लैंड के आगे आसानी से घुटने नहीं टेके। 22 साल में पहली बार इंग्लैंड से टेस्ट खेल रही जिम्बाब्वे टीम को पहले ही दिन झटका लगा था जब उसके तेज गेंदबाज रिचर्ड एंगारावा नौ ओवर फेंकने के बाद कमर की चोट के कारण बाहर हो गए।

# विद्याभारती के विद्यालय शिक्षा के साथ समाज में सेवा का भी कार्य संस्कार केंद्रों के माध्यम से कर रहे हैं : रामस्वरूप जी (अखिल भारतीय सेवा प्रमुख)




गोरखपुर। सरस्वती शिशु मंदिर (10+2) रेल विहार, राप्ती नगर गोरखपुर में सरस्वती संस्कार केंद्रों का आवर्ती अभ्यास वर्ग प्रारंभ हुआ। अभ्यास वर्ग में प्रथम वैचारिक सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय सेवा प्रमुख श्री रामस्वरूप जी ने संस्कार केंद्रों के लक्ष्य एवं उद्देश्य पर सविस्तार प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे तमाम विद्यालय चलते हैं जो केवल शिक्षण कार्य करते हैं उनका सेवा से सरोकार नहीं होता परंतु विद्याभारती के विद्यालय शिक्षा के साथ समाज में सेवा का भी कार्य अपने संस्कार केंद्रों के माध्यम से कर रहे हैं। अच्छी शिक्षा अच्छा स्वास्थ्य तथा अच्छा संस्कार प्राप्त करने का अधिकार सभी को है। विद्या भारती ने इस विषय को ठीक प्रकार से समझा तथा विद्या भारती की स्थापना के 35 वर्षों बाद परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी की जन्म शती के वर्ष में एकल विद्यालय एवं संस्कार केंद्र के रूप में सेवा क्षेत्र का कार्य प्रारंभ किया गया।एक विद्यालय एक संस्कार केंद्र का संचालन करेगा इस प्रकार की योजना के साथ यह कार्य समाज के वंचित वर्ग के लिए प्रारंभ किया गया। 36 वर्षों की यात्रा के बाद वर्तमान समय में अब एक विद्यालय कई संस्कार केंद्रों का संचालन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश का एक विद्यालय 40 संस्कार केंद्रों का संचालन करता है तथा गुजरात के जामनगर में एक विद्यालय 65 संस्कार केंद्रों का संचालन करता है। यह सेवा का अनुपम उदाहरण है। इन संस्कार केंद्रों से शिक्षा प्राप्त करके अनेक भैया बहनों का जीवन संवर गया है। समाज का भी सहयोग इस कार्य में अब प्राप्त हो रहा है। मलिन बस्तियों के जो बालक गंदे घूमते थे संस्कार केंद्रों के कारण स्वच्छ होकर पढ़ाई कर रहे हैं तथा समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त कर रहे हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर सम्मानित अतिथियों एवं माननीय प्रधानाचार्य जी द्वारा संपन्न हुआ। पधारे हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान विद्यालय के माननीय प्रधानाचार्य श्री वी. एस. राठौर एवं विद्यालय के माननीय अध्यक्ष जी एवं प्रबंधक जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयंती प्रमुख आचार्य प्रेम सागर त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रदेश निरीक्षक गोरक्ष प्रांत श्री राम सिंह जी, प्रांतीय सेवा प्रमुख श्री प्रभाकर जी की गरिमामय में उपस्थिति रही। इस अवसर पर गोरक्ष प्रांत के संस्कार केंद्रों का संचालन करने वाले सभी आचार्य आचार्या बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## अय्यूब अली के दोनों हाथों कि फिरकी गेंदबाजी से जीता हॉक स्पोर्ट्स

हॉक स्पोर्ट्स माउंट लिट्रा जी स्कूल कुसमी के मैदान पर चल रहे अंडर- 16 क्रिकेट चैंपियन सीरीज के तीसरा मैच में नीना थापा क्रिकेट एकेडमी और हॉक स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। जिसमें नीना थापा क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। नीना थापा पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.4 ओवरों में 141 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें ओपनर बल्लेबाज अर्णव निषाद ने 35 रन की पारी खेली। आयुष शर्मा ने 20 रन, पूजा और संजना अंबेडकर ने 13 - 13 रनों योगदान दिया। हॉक स्पोर्ट्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अय्यूब अली ने दोनों हाथों से फिरकी गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिया और अद्वय यादव ने तीन विकेट हासिल किया। दूसरी इनिंग में हॉक स्पोर्ट्स के विकेट कीपर और ओपनर बल्लेबाज प्रतीक कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 90 रनों की पारी खेली। प्रिंस निषाद ने 13 रन, आदित्य कुशवाहा ने 7 रन, शिवम गुप्ता ने नाबाद 2 रनों का योगदान दिया। हॉक स्पोर्ट्स ने मात्र 16 ओवरों में 142 रन बनाकर मैच जीत दर्ज किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी अय्यूब अली को शानदार गेंदबाजी के लिए दिया गया। जिन्होंने अपने गेंदबाजी के दौरान बाएं हाथ और दाएं हाथ दोनों से स्पिन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।



## नौसेना विध्वंसक के असफल प्रक्षेपण पर किम सख्त: शिपयार्ड के तीन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया

**एजेंसी**

नई दिल्ली। उत्तर कोरिया की सेंट्रल मिलिट्री कमेटी ने चोंगजिन शिपयार्ड के मैनेजर होंग किल हो को समन जारी कर पेश होने का निर्देश दिया था। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया के अनुसार, भले ही जहाज को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस हादसे की माफी नहीं है और यह एक अपराध है। इसके जिम्मेदार लोग इससे बच नहीं पाएंगे। हादसे के समय किम जोंग उन भी मौजूद थे और उन्होंने हादसे पर कड़ी नाराजगी जताई थी।उत्तर कोरिया में नौसैन्य विध्वंसक जहाज के हाल ही में असफल प्रक्षेपण के लिए तीन शिपयार्ड अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। यह जहाज उत्तर कोरिया का दूसरा ज्ञात विध्वंसक जहाज है। असफल प्रक्षेपण के बाद किम को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। घटना को लेकर तानाशाह किम जोंग उन काफी नाराज बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यह एक आपराध है। यह लापरवाही की वजह से हुआ है। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा देने की कसम खाई थी इससे पहले उत्तर कोरिया की सरकार ने शुक्रवार को बताया था कि उन्होंने युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच और उनकी गिरफ्तारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में रविवार को कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने चोंगजिन शिपयार्ड में मुख्य अभियंता, पतवार निर्माण कार्यशाला के प्रमुख और प्रशासनिक मामलों के उप प्रबंधक को हिरासत में लिया है। वे बुधवार के असफल प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार थे।



पहले खबर आई थी कि शिपयार्ड प्रबंधक होंग किल हो को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था।उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि 5,000 टन वजनी नौसेना का युद्धपोत बुधवार को चोंगजिनके पूर्वोत्तर बंदरगाह पर लॉन्च समारोह के दौरान हादसे का शिकार हो गया था। दरअसल, युद्धक जहाज इसके पिछले हिस्से पर लगे ट्रांसपोर्ट क्रैडल के अलग हो जाने से क्षतिग्रस्त हो गया।

## बस्ती में सत्येंद्र कुमार बारी का भव्य स्वागत, युवाओं में दिखा जोश

बस्ती। 25 मई 2025 को बस्ती के सर्किट हाउस में बारी समाज के प्रेरणास्रोत,




युवाओं के मार्गदर्शक और समाज के सशक्त चेहरे माननीय सत्येंद्र कुमार बारी (बिनु जी) का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बारी समाज के जिला अध्यक्ष राधेश्याम बारी, वरिष्ठ सलाहकार प्रदीप बारी और युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रशांत सिंह बारी (प्रिंस जी) के नेतृत्व में हुआ। सत्येंद्र बारी जी के आगमन से सर्किट हाउस में ऊर्जा और उमंग का वातावरण बन गया। अपने प्रेरणादायी विचारों से उन्होंने उपस्थित समाजजनों को प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा—

"जो भी करो, डूब कर करो। सब कुछ झोंक दो... एक दिन सफलता जरूर मिलेगी।"

कार्यक्रम में समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें

जिला उपाध्यक्ष श्री श्रवण कुमार बारी,
जिला महामंत्री अजय कुमार बारी,
नगर अध्यक्ष श्री पंकज बारी,
युवा प्रकोष्ठ मंत्री राजेश बारी,
विनय कुमार बारी (विश्व हिंदू परिषद सहमंत्री),
सुनील कुमार बारी (प्रधान),
अजीत कुमार,
राज सिंह रावत (युवा प्रकोष्ठ),
विजय बारी सहित अनेक समाजसेवी व सदस्य शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में समाज की ओर से सत्येंद्र कुमार बारी जी को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया और आशा व्यक्त की गई कि उनका मार्गदर्शन भविष्य में भी समाज को नई दिशा देता रहेगा।

## हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर दागी मिसाइल, बजे सायरन

**एजेंसी**

नई दिल्ली। यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को इस्राइल पर मिसाइल दागी। मिसाइल को इस्राइली सेना ने नष्ट कर दिया। मिसाइल के कारण यरुशलम और अन्य इलाकों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हालांकि किसी नुकसान की खबर नहीं मिली है। रान समर्थित हूतियों ने लाल सागर में इस्राइल के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना बनाकर लगातार मिसाइल हमले किए हैं। इससे पहले हूती विद्रोहियों ने इस्राइल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास मिसाइल से हमला किया था। इस हमले में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए थे। युद्ध की शुरूआत के बाद से हवाई अड्डे पर यह मिसाइल हमला पहली बार हुआ। हालांकि, एक घंटे बाद हवाई यातायात शुरू हो गया, लेकिन हमले के कारण कई एयरलाइनों को रद्द करना पड़ा। हवाई अड्डे पर यह हमला इस्राइली कैबिनेट मंत्रियों द्वारा गाजा में युद्ध बढ़ाने के लिए किए गए मतदान के कुछ घंटे बाद हुआ। पिछले दिनों अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर बमबारी बंद कर दी थी। ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने यह फैसला इसलिए किया है, क्योंकि हूती विद्रोहियों ने कहा कि वह अब और लड़ाई नहीं लड़ना चाहते। उन्होंने वचन दिया है कि वह अब समुद्री गलियारे पर जहाजों पर हमला बंद कर देंगे।अमेरिका ने हूती विद्रोहियों पर मार्च में बमबारी शुरू की थी, जब हूतियों ने गाजा पट्टी पर नाकाबंदी के जवाब में समुद्र में इस्राइली जहाजों पर हमले शुरू करने की धमकी दी थी।

## अर्जेंटीना दूतावास में एक साल तक फंसे विपक्षी नेता पहली बार सामने आए

**एजेंसी**

नई दिल्ली। वेनेजुएला के पांच विपक्षी नेता, जो एक साल से अधिक समय से कराकस में अर्जेंटीना दूतावास में शरण लिए हुए थे, राजनयिक परिसर छोड़ने के बाद पहली बार शनिवार को सार्वजनिक रूप से सामने आए। अब अमेरिका में रह रहे विपक्षी नेताओं ने वेनेजुएला से अपनी उड़ान को एक "अभूतपूर्व" और चल रहे बचाव अभियान का हिस्सा बताया।वेनेजुएला सरकार ने इस बात से इनकार किया है कि यह बचाव अभियान था, बल्कि इसका दावा है कि यह एक बातचीत का हिस्सा था। मैगली मेडा ने वाशिंगटन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, "हमारा बचाव, हमारा पलायन, एक अभूतपूर्व ऑपरेशन था।" मेडा विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो के नेतृत्व वाले विपक्षी समूह वेंटे वेनेजुएला के सदस्य हैं। मेडा ने कहा कि ऑपरेशन के बारे में कोई विवरण नहीं बताया जाएगा, क्योंकि यह अभी भी प्रगति पर है।वेनेजुएला के अभियोजकों की ओर से उनकी गिरफ़्तारी के आदेश के बाद मेडा, पेड्रो उरुचर्टू, क्लाउडिया मैकेरो, हम्बर्टो विलालोबोस, उमर गोंजालेज और फर्नांडो मार्टिनेज मोटोला ने काराकस में अर्जेंटीना के राजनयिक निवास में शरण ली। उन पर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार को अस्थिर करने के उद्देश्य से कथित हिंसक कृत्यों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया गया था, जो पिछले साल चुनाव लड़ने के बाद असंतोष पर नकेल कसने में जुटी हुई थी।नवंबर के आखिर से ही समूह ने



बताया था कि राजनयिक आवास के बाहर खुफिया एजेंट और पुलिस लगातार उन पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने मादुरो सरकार पर परिसर में पानी और बिजली काटने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, सरकार ने इन आरोपों से इनकार किया है। इस महीने की शुरूआत में, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने घोषणा की थी कि "एक सटीक ऑपरेशन के बाद, सभी बंधक अब अमेरिकी धरती पर सुरक्षित हैं।"मेडा ने राजनयिक परिसर में 412 दिन बिताने के बाद उनके बाहर निकलने को एक चमत्कारहृ बताया। उन्होंने इसे एक रणनीतिक ऑपरेशन बताया जिसमें कई लोग शामिल थे और बहुत जोखिम था।हृ वेनेजुएला सरकार बचाव की कहानी को लगातार खारिज कर रही है और वेनेजुएला के आंतरिक मंत्री डिओसडाडो कैबेलो ने इस कदम को "नाटकीय" कहा है।

## भाजपा महानगर कार्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय, बेनीगंज गोरखपुर में शुक्रवार को नारी सशक्तिकरण की प्रतीक, महान वीरांगना एवं पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियानझ2025 के अंतर्गत उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह के कर-कमलों द्वारा विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन, कार्यों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना रहा।



**डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा:**

"लोकमाता अहिल्याबाई नारी शक्ति, धर्मनिष्ठा और जनसेवा की प्रतीक थीं। उनके जीवन से आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।"

इस अवसर पर भाजपा महानगर के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता और अनेक सम्मानित जन उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में अहिल्याबाई होलकर के जीवन की महत्वपूर्ण झलकियों, ऐतिहासिक तथ्यों और उनके द्वारा समाज सुधार हेतु किए गए कार्यों को दर्शाया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और लोकमाता के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ।

## समाजवादी पार्टी मजदूर सभा की मासिक बैठक सम्पन्न मजदूरों के हक और पीडीए की मजबूती पर हुआ मंथन

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी मजदूर सभा की मासिक बैठक रविवार को बेतियाहाता स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन मुन्ना हाशमी ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिला महासचिव रामनाथ यादव उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम, बूथ, सेक्टर और जोन की मजबूती, मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान रामनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पर पीडीए को मजबूत कर भाजपा की साजिशों को नाकाम करेगी। पीडीए की ताकत के सामने भाजपा कहीं नहीं टिक पाएगी। मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा, समाजवादी मजदूर सभा सदैव मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। दिहाड़ी मजदूरों को कम से कम 30,000 रुपये मासिक वेतन मिलना चाहिए। यह हमारी प्रमुख मांगों में से एक है। इस मौके पर मैना भाई, बालेन्द्र यादव, संजय गुप्ता, इन्दल प्रसाद, अशोक पांडे, मोहम्मद अली गुड्डू शाह, प्रमोद उपाध्याय, छविनाथ यादव, मनोज निषाद, जयकिशन कन्नौजिया, मेराज अहमद, सिंधु चौधरी, दुर्बल यादव, परशुराम यादव, अनिल भारती, ब्रजेश चौहान समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ मजदूर वर्ग के मुद्दों को प्राथमिकता देना था।



## राप्ती व रोहिन नदियों के संरक्षण हेतु अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान पर महापौर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक

गोरखपुर। नगर की जीवन रेखा मानी जाने वाली राप्ती और रोहिन नदियों के संरक्षण, स्वच्छता और समग्र प्रबंधन के लिए अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोरखपुर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने की। यह योजना राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नदियों की स्वच्छता और शहरी पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक में केंद्रीय टीम, नगर निगम अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठनों ने सहभागिता की। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा:



"राप्ती और रोहिन नदियों का शुद्धिकरण एवं उनका सतत प्रबंधन गोरखपुर के पर्यावरण, सौंदर्यीकरण और जल संसाधन संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह योजना आने वाले समय में नगर के विकास की दिशा को नई गति देगी।"

बैठक में शहरी नदियों के किनारे बसे क्षेत्रों में जनजागरूकता, अपशिष्ट प्रबंधन, जलधारा संरक्षण और हरित क्षेत्र के विकास से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल नदियों को प्रदूषण मुक्त करना है, बल्कि गोरखपुर को हरित, स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में विकसित करना भी है। योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में सभी विभागों के समन्वय और जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## मिठाई की दुकान आई लड़की पर दुकानदार ने उंडेल दिया खौलता हुआ तेल, पांच दिन बाद एफआईआर दर्ज

गाजीपुर। कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र तहसील त्रिमुहानी पर एक विक्षिप्त युवती के ऊपर एक दुकानदार द्वारा गर्म तेल फेंक देने से गंभीर रूप से झुलस गई थी परिजन घटना के उसी दिन पुलिस को तहरीर दिया है लेकिन 5 दिन बाद शुक्रवार को पुलिस दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। 5 दिन बाद पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया जाना यह चर्चा का विषय बना हुआ है। कासिमाबाद कोतवाली से 50 मीटर दक्षिण तरफ स्थानीय तहसील तिराहा है तिराहे पर आधा दर्जन चाय पान आदि की दुकान संचालित हैं। सहाबलपुर गांव निवासी संजय बिंद के पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया गया है कि हम प्रार्थी की बहन 28 वर्ष मानसिक रूप से विक्षिप्त है इसके ऊपर तहसील त्रिमुहानी पर मिठाई और चाय की दुकान चलाने वाले टिंकू गुप्ता बीते सोमवार की सुबह गरम तेल फेंक दिया है। जिससे उसका चेहरा गला पीठ गंभीर रूप से जल गई है तथा जहां-जहां तेल गया है फोड़े निकल गए हैं इस कृत्य से पूरा परिवार दुखी एवं मर्माहत है संजय बिंद के अनुसार सोमवार के शाम को ही पुलिस को तहरीर दे दी गई थी लेकिन 5 दिन तक पुलिस इस मामले को रफा दफा करने में लगे रहे। आखिर कौन सा दबाव पड़ा की पुलिस 5 दिन बाद शुक्रवार को इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है पुलिस टिंकू गुप्ता के ऊपर गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर किया है लेकिन इस कार्रवाई में विलंब से घेरे में आ गई है अब देखना है कि विक्षिप्त युवती एवं परिवार को न्याय मिलता है कि नहीं। आपको बता दे की विक्षिप्त युवती कासिमाबाद चौक से लेकर तहसील त्रिमुहानी तक दिन रात घूमती रहती है और दुकानदारों के द्वारा ही उसका भरण पोषण किया जाता है इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि तहरीर विलंब से मिलने के कारण मुकदमा दर्ज करने में विलंब हुआ है आरोपी बक्सा नहीं जाएगा।



## भाजपा कार्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति में "महानगर संगोष्ठी" का आयोजन

गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय, बेनीगंज में नारी सशक्तिकरण की प्रतीक, महान वीरांगना, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियानझ2025 के अंतर्गत "महानगर संगोष्ठी" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्री रमापति राम त्रिपाठी रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव ने की तथा संचालन ओम प्रकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके आदर्श प्रशासन, सामाजिक समरसता, और सांस्कृतिक नेतृत्व पर विस्तार से विचार व्यक्त किए गए।





**मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा:**

"अहिल्याबाई होलकर एक दूरदर्शी प्रशासिका थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, धर्म और समरसता की मिसाल पेश की। उनकी प्रशासनिक दक्षता और लोककल्याणकारी कार्यों ने उन्हें झलोकमाता की उपाधि दिलाई।"

उन्होंने यह भी कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिता गुप्ता, महामंत्री अच्युतानंद शाही, उपाध्यक्ष बृजेश मणि मिश्रा, रणविजय शाही, सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायी बातों और उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए, सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## गोरखपुर के शिवाजी नगर में बड़े मंगलवार के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन

गोरखपुर। ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर शिवाजी नगर मिजार्पुर चौक पर एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था और जनसेवा का अनूठा संगम बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने प्रसाद वितरण कर भंडारे की विधिवत शुरूआत की। उन्होंने इस आयोजन को लोक आस्था का प्रतीक बताया और आयोजकों की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महामंत्री अच्युतानंद शाही, इंद्रमणि उपाध्याय, रणविजय शाही, जितेंद्र (जीतू), अवधेश अग्रहरि, अभिषेक शर्मा, रूपेश गुप्ता, अजय जायसवाल, रूपेश मौर्य, विशाल गुप्ता, कृष्ण कुमार, ई. बृजमोहन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ प्राप्त किया। वातावरण पूरे दिन भक्तिमय बना रहा।



## महाराजा सुहेलदेव की पहचान को लेकर आदर्श संग्राम पार्टी का विरोध प्रदर्शन, जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

लखनऊ । लखनऊ में जिलाधिकारी कार्यालय में आदर्श संग्राम पार्टी के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 50 प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर महाराजा सुहेलदेव भरपासी जी की ऐतिहासिक पहचान से छेड़छाड़ के विरोध में प्रदर्शन किया तथा उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में यह आपत्ति दर्ज कराई गई कि लालबाग स्थित महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थल पर स्थापित शिलापट्ट पर झराजभर शब्द जोड़ दिया गया है, जो ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है। पार्टी के अनुसार, महाराजा सुहेलदेव की पहचान झभरपासी राजा के रूप में भारत सरकार के अभिलेखों, एनसीईआरटी की पुस्तकों और ब्रिटिश कालीन गजेटियरों में स्पष्ट रूप से दर्ज है। आदर्श संग्राम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम भारती ने कहा कि "यह केवल एक जाति का मुद्दा नहीं बल्कि ऐतिहासिक सत्य और सामाजिक न्याय का विषय है। हम महाराजा सुहेलदेव की वास्तविक पहचान को लेकर पूरी तरह से सचेत हैं और कोई भी ऐतिहासिक मिथ्या स्वीकार नहीं की जाएगी।" इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से: एडवोकेट ज्योति शुक्ला राष्ट्रीय सलाहकार विक्रांत मोहन श्रीवास्तव राष्ट्रीय महामंत्री मध्य क्षेत्र नीतीश प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष, युवा मोर्चा, उत्तर प्रदेश संजय रावत जिला प्रभारी उन्नाव दीपक पासी विमलेश पासी, अनूप पासी चेतराम रावत आनंद पासी ब्लॉक अध्यक्ष, औरास उन्नाव रघुनाथ पासी उर्फ भारत पासी प्रतिनिधिमंडल से ज्ञापन प्राप्त कर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि विषय की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्यवाही की जाएगी और ऐतिहासिक तथ्यों के अनुरूप न्याय होगा।



## दहेज में नहीं मिली बुलेट तो अपनी ही पत्नी के फोटो-वीडियो कर दिए वायरल...दुल्हन ने उठाया ये कदम

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक महिला ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है कि उसका पति उसके फोटो और वीडियो को गलत तरीके से सोशल मीडिया पर शेयर कर रहा है. इससे वह महिला को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है. महिला ने बताया कि उसके ससुराल वाले उससे दहेज में बुलेट की मांग कर रहे हैं और न देने पर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है. उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के भांवरकोल में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया है. महिला का आरोप है कि उसका पति दहेज में बुलेट की मांग कर रहा है और न देने पर उसके साथ मारपीट करता है. यही नहीं वह महिला के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर महिला को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है. वह महिला के फोटो और वीडियो का गलत इस्तेमाल कर रहा है. दरअसल भांवरकोल थाना अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला की फतेहपुर सिकंदर थाना के रहने वाले आदित्य यादव से इसी साल जनवरी में शादी हुई थी. शादी के एक हफ्ते के बाद ही पति और ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे और शादी में कम दहेज देने की बात कह कर मार्च





2025 में होली के त्योहार से पहले विवाहिता का सारा जेवरात रखकर उसे मायके भेज दिया और कहा कि जब तुम वापस आओगी तो बुलेट के लिए डेढ़ लाख रुपए भी साथ में लेकर आना. तभी तुम्हें घर में घुसने दिया जाएगा.

**महिला को फोन पर गाली देता है पति:**

महिला का कहना है कि उसने ससुराल वालों से कहा कि उसके माता-पिता बीमार रहते हैं और काफी गरीब है. किसी तरह से उन्होंने शादी में सामर्थ्य अनुसार दहेज दे दिया है. अब उनके पास इतना पैसा नहीं है कि वह बुलेट मोटरसाइकिल खरीद कर दे सकें. इसके बाद से ही महिला का पति उसे आए दिन फोन पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए गाली देता है. साथ ही अब उसने अब महिला के रिश्तेदारों को भी गालियां और धमकी देनी शुरू कर दी हैं.

**महिला को बदनाम करने की कोशिश:**

महिला ने बताया कि उसका पति आदित्य उसके फोटो और वीडियो को गलत तरीके से व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार शेयर कर रहा है और उसे बदनाम करने की कोशिश कर रहा है. मामले को लेकर पीड़िता ने पहले भी भांवरकोल थाने को शिकायती पत्र दिया था. लेकिन उसके ससुराल वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई. अब उसने पुलिस अधीक्षक गाजीपुर को शिकायत पत्र दिया और भांवरकोल पुलिस ने 24 मई को पुलिस ने उसके पति आदित्य यादव समेत 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है.

## नाम परिवर्तन की सार्वजनिक सूचना

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Mohd Zaid Ansari, पुत्र Ruknuddin, निवासी 1326, जाहिदाबाद, गोरखनाथ, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश – 273015, ने अपने नाम "Mohd Zad Ansari" को परिवर्तित कर "Mohd Zaid" कर लिया है।

अब से मुझे "Mohd Zaid" के नाम से ही जाना, पहचाना और संबोधित किया जाए। यह नाम परिवर्तन स्वेच्छा से एवं बिना किसी दबाव के किया गया है और भविष्य में सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी दस्तावेजों, प्रमाण-पत्रों तथा पहचान पत्रों में मेरा नाम Mohd Zaid ही दर्ज किया जाए।

Mohd Zaid<br>
पुत्र: रुकनुद्दीन<br>
पताः 1326, जाहिदाबाद, गोरखनाथ, गोरखपुर – 273015<br>
उत्तर प्रदेश

प्रकाशन तिथिः 25 मई 2025

# Drinking Water Crisis in Jasra-Shankargarh: Women Climb Hills to Fetch Water in Scorching Heat

Prayagraj | As temperatures continue to soar across Uttar Pradesh, a severe drinking water crisis has gripped the Jasra and Shankargarh blocks of Prayagraj district. In Lakhanpur village, women are forced to climb hills and travel long distances to fetch water from sources like Badama and nearby plots, as the supply from government tankers remains insufficient.

Local women expressed frustration, saying the tanker water barely meets basic needs and that clean drinking water remains a distant dream for many households. The crisis is not limited to Shankargarh's Badama,



Garhwa, or Lakhanpur, but extends to several remote villages in the region where access to potable water is still a major challenge.

In response, the district administration has initiated efforts to ensure water availability, particularly for livestock. Cow shelters have been supplied with water, and animals are being kept under sheds with wet sacks or cloths to protect them from the heatwave.

To safeguard students, schools have been closed early for summer vacation due to the rising risk of heatstroke. While the administration claims to be taking adequate measures, locals insist that only a permanent solution—such as pipeline connections to every village street—can resolve the crisis effectively.

Until then, the struggle for every drop of water continues in the parched hills of Prayagraj's hinterland.

# Chandra Prakash Mani Clinches Gold at National Martial Arts Games

Deoria | Chandra Prakash Mani of Belahi Tiwari,




Baitalpur in Deoria district brought pride to Purvanchal by securing a gold medal in the 65 kg weight category of the Karate competition at the 7th National Martial Arts Games held from May 16 to 18 at Talkatora Stadium, New Delhi. The prestigious event was organized by the Dr. B.R. Ambedkar Sports Foundation, affiliated with the International Olympic Committee, and saw fierce competition among teams from across the country.

Chandra Prakash's dominant performance earned him top honors, sending waves of joy among martial artists across the region.

Upon his return to Deoria, sports enthusiasts gave him a grand welcome at the railway station with traditional drumbeats and garlands, celebrating his impressive victory.

Among those who congratulated him were Yoddha Martial Arts President Shyam Kishun, Santosh Mani Tripathi, founder of Suryakund Dham, former Mayor Dr. Satya Pandey, journalist Pawan Gupta, Saheb Ram Sahni, Kanak Lata Mishra, Anurag, Vishal Singh, and many others.

# City Echoes with Patriotic Chants During Grand Shaurya Tiranga Yatra Under Operation Sindoor

Prayagraj | Under Operation Sindoor, a grand Shaurya Tiranga Yatra was organized in Prayagraj with the objective of boosting the valor and morale of the nation's soldiers. The rally, filled with patriotic fervor, witnessed massive participation from social workers, traders, and BJP officials.

The Tiranga Yatra commenced from Shivrajpur and culminated at Shankargarh Railway Gate, passing through Ram Bhavan Chauraha and Sadar Bazar. Enthusiastic participants carrying the national flag filled the streets of Bara Vidhan Sabha



area, Shivrajpur, and Shankargarh, raising powerful slogans of "Vande Mataram" and "Bharat Mata Ki Jai", transforming the atmosphere into one of deep patriotism.

The march was led by ex-serviceman Santosh Singh, along with Women's Front State Minister Akanksha Sonkar, former Yamunapar District President Vibhav Nath Bharti, program coordinator Santosh Tripathi, Mandal President Akhilesh Singh, Satish Vishwakarma, Rohit Kesharwani, Dilip Chaturvedi, Ramjatan, Sujit Kesharwani, and Uma Verma.

A large number of local traders, social workers, and citizens actively participated in the Yatra, making it a resounding success and a vibrant display of national pride.

# Grand Welcome for Satyendra Kumar Bari in Basti, Youth Show Enthusiasm

Basti | A grand welcome was organized at the Circuit House in



Basti for the inspirational figure of the Bari community, guide to the youth, and prominent social leader Satyendra Kumar Bari (Binu Ji). The event was held under the leadership of District President Radheshyam Bari, Senior Advisor Pradeep Bari, and Youth Wing President Prashant Singh Bari (Prince Ji).

Satyendra Bari Ji's arrival filled the atmosphere with energy and enthusiasm. Addressing the gathering, he shared motivational thoughts with the youth, stating:""Whatever you do, do it with full dedication. Give it your all... success will come one day."

Many prominent office bearers and members of the Bari community attended the event, including:

District Vice President Shravan Kumar Bari

District General Secretary Ajay Kumar Bari

City President Pankaj Bari

Youth Wing Secretary Rajesh Bari

Vinay Kumar Bari (Joint Secretary, VHP)

Sunil Kumar Bari (Village Head)

Ajit Kumar, Raj Singh Rawat (Youth Wing), Vijay Bari, and several other community leaders and members.

The event concluded with heartfelt thanks and gratitude extended to Satyendra Kumar Bari Ji, with hopes that his guidance will continue to inspire and lead the community in the future.

# Health department took major action after the death of a patient in Maa Sharda Hospital Naribari on Friday

**Major action on Maa Sharda Hospital: Registration suspension**

Prayagraj | Major action has been taken in the case of




death of a young man during stone operation in Shankargarh Maa Sharda Hospital Naribari. Chief Medical Officer, Prayagraj formed a team on the basis of news published in the media, which inspected the hospital. The inspection team found that 10 to 12 patients were admitted in the hospital, but no doctor and most of the paramedical staff were present. Apart from this, the doctor who operated on the deceased was not in the registration panel of the hospital. The Chief Medical Officer said that after the inspection, the OT, pathology and OPD chamber of the hospital have been sealed and the registration of the hospital has been suspended. The hospital management has been instructed that no medical practice will be done during the registration suspension. If the hospital management still continues medical practice and any untoward incident occurs, then the entire responsibility for it will be of the hospital management.

# All types of tests are done with modern equipment in Community Health Center Shankargarh

Prayagraj. (Shankargarh) | State-of-the-art equipment for various types of tests of patients were sent by the Health





Department several months ago to the Community Health Center. As soon as the under-construction BPHU building was handed over, all types of tests have started, which is providing a lot of convenience to the patients of the area.

Let us tell you that under the Prime Minister Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission, Public Health BPHU building has been constructed in Community Health Center Shankargarh through PM Abhim Sanction from NHM Scheme. Its purpose is to strengthen the health systems, to detect the disorders of the common people by examining all the tests and all the components present in the body. Also, its establishment is also to prepare to deal with all epidemics. With the efforts of Superintendent of Community Health Center Abhishek Singh, the said building was handed over to the health center a few days ago. Many modern equipment have been provided in this lab by the health department. Such as CBC machine, auto analyzer machine, biochemical machine, centrifuge machine, urine analyzer machine etc. All types of tests of patients are being done free of cost with the help of modern equipment. When the Superintendent of Community Health Center, Dr. Abhishek Singh was talked to, he told that all types of general tests, blood, urine, CBC, LFT, CTBT, KFT, PTINR, serum, allograft light etc. are done completely free of cost here. Three new staff have been appointed in the lab. This has provided a lot of convenience to the patients of the area. He has also appealed to other people to take advantage of this.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग बक्शीपुर, जनपद–गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला–द्वितीय तल पुष्पांजलि काम्प्लेक्स शाही मार्केट, गोलघर, जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।

प्रधान संपादक :

शक्ति शंकर

मो नं.

7233999001

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गोरखपुर न्यायालय होगा।